प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 04.11.2026 (दोपहर–1310 बजे)
मुख्य समाचार

1. **झारखंड पुलिस के स्पेशल ब्रांच ने दीपावली और छठ को लेकर राज्यभर में जारी किया सुरक्षा अलर्ट, असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने का निर्देश।**
2. **नगर विकास विभाग ने राज्य में पेयजलापूर्ति योजनाएं गर्मी से पहले तय समय पर पूरी करने का दिया निर्देश, सड़कों का पुनर्निर्माण गुणवत्तापूर्ण नहीं होने पर कार्रवाई की दी चेतावनी।**
3. **राज्य सरकार ने झारखंड हाईकोर्ट की महिला अधिवक्ता अनुष्का चक्रवर्ती की मौत मामले की जांच के लिए आठ सदस्यीय एसआईटी का किया गठन।**
4. **झारखंड के विभिन्न जिलों में खाद्य पदार्थों में मिलावट की शिकायत पर छापामारी जारी, पलामू और धनबाद में जांच के दौरान एक हजार किलो से अधिक की नकली मिठाईयां जब्त।**

और

5. **70वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2026–27 की मेजबानी करेगा झारखंड, आयोजन सचिव ने मैदानों की व्यवस्था, आधारभूत संरचना और तकनीकी अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति को लेकर की समीक्षा।**

****

झारखंड पुलिस के स्पेशल ब्रांच ने दीपावली और छठ पूजा को लेकर अलर्ट जारी किया है। सभी जिलों के उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। स्पेशल ब्रांच ने जारी पत्र में स्पष्ट किया है कि त्योहारों में सांप्रदायिक तनाव फैलाने, अफवाह उड़ाने और विधि–व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाये। त्योहारों के दौरान बाजारों में निगरानी के लिए सादे लिबास में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती करने को कहा गया है।

****

नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने निर्माण कार्य एजेंसियों को पेयजलापूर्ति योजनाएं गर्मी से पहले तय समय पर पूरी करने का निर्देश दिया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों का पुनर्निर्माण गुणवत्तापूर्ण नहीं होने पर संबंधित एजेंसी से राशि की वसूली होगी और कार्रवाई भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने अनावश्यक सड़क कटाई से बचने और तकनीकी कार्यों की पुनर्समीक्षा के भी निर्देश दिए।

****

रांची में जमीन के दाखिल–खारिज की प्रक्रिया में तकनीकी खराबी से जमीन खरीदारों को कई समस्याएं हो रही हैं। जानकारी के अनुसार आधिकारिक पोर्टल में **एडिट** का विकल्प हटने से ऐसी समस्या आयी है। भू–राजस्व विभाग के मंत्री दीपक बिरूआ ने बताया कि इस समस्या को लेकर विभागीय सचिव से जवाब मांगा गया है।

****

रांची में कांके के सुकुरहुटू स्थित ट्रांसपोर्ट नगर के लिए जमीन अधिग्रहण में मुआवजा भुगतान में कमीशन लेने का मामला आया है। रैयतों से मुआवजे की आधी रकम करीब 2 करोड़ 25 लाख रुपये बिचौलिए के माध्यम से वसूलने का आरोप है। इसमें जिला भू–अर्जन कार्यालय के कर्मी नजीर अमित कुमार गुप्ता, अमीन राज कुमार महतो और लाला साहब की भूमिका भी सामने आयी है। शिकायत के बाद उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मामले की जांच का निर्देश दिया है।

****

सरकार ने स्वदेशी एआई क्षमताओं को मजबूत करने के लिए इंडिया एआई मिशन के अंतर्गत तीन नए फाउंडेशनल मॉडल **एका–वन और 'धीर टू–बी' तथा 'धीर फाइव–बी'** जारी किए है। एका–वन को सॉकेट लैब्स और धीर मॉडल को जेनटेक ने विकसित किया है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि इनका साइबर सुरक्षा सहित कई क्षेत्रों में इस्तेमाल किया जा सकता है।

****

राज्य सरकार ने झारखंड हाईकोर्ट की महिला अधिवक्ता अनुष्का चक्रवर्ती की मौत मामले की जांच के लिए आठ सदस्यीय एसआईटी का गठन किया है। हजारीबाग सदर एसडीपीओ जांच दल का नेतृत्व करेंगे। सरकार ने यह जानकारी कल झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान दी। अदालत ने राज्य सरकार को 19 नवंबर तक जांच की ताजा स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

****

नयी डिजिटल प्रणाली और सॉफ्टवेयर में बदलाव के कारण पेंशन भुगतान में परेशानी आ रही है। कई जिलों में पांच से छह महीनों से पेंशन राशि का भुगतान अटका हुआ है। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि विभाग की ओर से प्रयास किया जा रहा है कि सभी लाभुकों को उनके खाते में राशि जल्द भेजी जाए।

****

रांची के संत जेवियर्स कॉलेज में मेरा युवा भारत के तहत **नो योर वोट** विषय पर विकसित भारत युवा संवाद का आयोजन किया। इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह, **माई भारत** की राज्य निदेशक ललिता कुमारी, उप निदेशक श्वेता सिंह और यूथ आइकॉन मयंक राज ने युवाओं को मताधिकार, मतदान प्रक्रिया, एसआईआर और जागरूक मतदाता की भूमिका की जानकारी दी।

****

ारखंड के विभिन्न जिलों में खाद्य सुरक्षा की टीम त्योहारों के समय खाद्य पदार्थों और मिठाईयों में मिलावट की शिकायत पर छापामारी अभियान चला रही है। धनबाद के चिरकुंडा में नौ क्विंटल खराब गुणवत्ता का लड्डू जब्त किया गया है। उधर पलामू के जिला के खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डॉ कुमार गुप्ता ने बताया कि मेदिनीनगर शहर में तीन सौ किलो मिलावटी मिठाई जब्त की गयी है।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 30 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 1 लाख 95 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

रांची के कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल की बारहवीं कक्षा की छात्रा शताक्षी पांडेय को डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2026 में कुश्ती में गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ है। ग्रेटर नोएडा में आयोजित प्रतियोगिता में शताक्षी ने 68 किलो वर्ग में पंजाब की छात्रा को हराया।

****

झारखंड 70वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता सत्र 2026–27 की मेजबानी करेगा। इसको लेकर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी सह आयोजन सचिव धीरसेन ए सोरेंग ने खेल संघों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि खेल मैदानों की व्यवस्था, आधारभूत संरचनाओं, तकनीकी अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति और उपकरणों की उपलब्धता पर चर्चा हुई।

*******समाप्त**********